सार-समाचार

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई

जालोर, (कासं) । जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि जिले में यातायात एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में संचालित सड़क सुरक्षा अभियान को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित करने के लिए परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग को संयुक्त रूप से टीम का गठन करते हुए प्रभावी कारवाई करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के साथ ही दुर्घटनाओं में जनहानि को रोकने के लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर कार्य करें।जिला कलैक्टर ने परिवहन और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे ओवरलोडिंग एवं अनाधिकृत वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने के साथ ही स्कूली वाहनों के फिटनेस संबंधी उल्लंघन के मामलों में उचित कार्यवाही करें एवं संबंधित विभाग के अधिकारी प्रभावी मॉनिटरिंग के माध्यम से तय करें कि स्कूली वाहनों में क्षमता से अधिक स्कूली बच्चे परिवहन ना करें।उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को जिलें के 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी वाहन चालकों का कैम्प लगाकर नेत्र परीक्षण करने तथा राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट सिस्टम से सुसज्जित एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिकारियों को अमृतसर-जामनगर भारतमाला परियोजना पर डिवाइडर पर रेलिंगध्सुरक्षा जाल, व्हीकल लेन साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट संकेतक की सुनिश्चितता के निर्देश दिए । इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी ओम प्रकाश चौधरी ने बताया कि जिलें में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत इस माह कुल 320 लोडिंग वाहनों के पीछे रेडियम निर्मित रिफ्लेक्टर टेप लगाएं, तथा 18 ओवरलोड वाहनों का चालान किया एवं सड़क पर दौड़ती 4 बिना नंबर की गाड़ियों विरुद्ध कार्रवाई की। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्रसिंह इंदौलिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी, सार्वजनिक निर्माण विभाग जालोर के अधिशासी अभियंता शंकरलाल सुथार, भीनमाल के अधिशासी अभियंता ओमप्रकाश सुथार, सांचौर के अधिशासी अभियंता प्रदीप पंवार, सहायक अभियंता प्रकाश देवासी, आरएसएचए के तकनीकी मैनेजर अमित सुथार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

विकास की उम्मीदें, साथ में चुनौती भी

बालोतरा, (निसं)। पचपदरा। पश्चिम राजस्थान की बहुप्रतीक्षित पचपदरा रिफाइनरी परियोजना क्षेत्र के विकास की नई तस्वीर मानी जा रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से जहां हजारों लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है, वहीं आसपास के क्षेत्रों में सडक, पानी, बिजली और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलने लगी है। रिफाइनरी परियोजना शुरू होने के बाद पचपदरा, बालोतरा, बायतु और आसपास के इलाकों में जमीनों के दाम बढे हैं। होटल, किराये के मकान, ट्रांसपोर्ट, निर्माण सामग्री और छोटे व्यापारों में तेजी आई है। स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद ने क्षेत्र में उत्साह का माहौल बनाया है। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि परियोजना में क्षेत्रीय युवाओं को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिया जाए। कई युवाओं ने तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र खोलने और भर्ती प्र या को पारदर्शी बनाने की मांग उठाई है, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को लाभ मिल सके। दूसरी ओर, पर्यावरण को लेकर भी चिंताएं सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना क्षेत्र के आसपास प्रदूषण नियंत्रण, जल संरक्षण और हरियाली बढाने के लिए मजबूत कदम उठाए जाएं। किसानों ने भूजल स्तर और खेती पर संभावित असर को लेकर भी समय-समय पर चिंता जताई है। यातायात दबाव भी एक बडी चुनौती बनकर उभरा है। भारी वाहनों की आवाजाही से सडकों पर दबाव बढा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने फोरलेन सडक, सर्विस रोड और सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने की मांग की है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि रोजगार, पर्यावरण और आधारभूत सुविधाओं पर संतुलित ध्यान दिया जाए तो पचपदरा रिफाइनरी पश्चिम राजस्थान की आर्थिक तस्वीर बदल सकती है। यह परियोजना आने वाले समय में क्षेत्र को उद्योग, निवेश और विकास का नया केंद्र बना सकती है।

रावरा में विशेष शिविर आयोजित

फलोदी, (निसं) । सरकारी योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से जोडने के उद्देश्य से दूसरा दशक द्वारा रावरा में एक दिवसीय सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सौर्य ऊर्जा कंपनी ऑफ राजस्थान लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें 60 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया। दूसरा दशक कार्मिक अणदाराम ने बताया कि शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 38 आवेदन करवाए गए। इनमें मंगला पशु बीमा योजना के 11, राशन योजना के 10, मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के 10, मातृ वंदना योजना के 3 तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के 4 आवेदन शामिल हैं। आवेदन प्रक्रिया के दौरान दस्तावेजों में पाई गई त्रुटियों को मौके पर ही सुधरवाने के प्रयास किए गए। इसी क्रम में 7 व्यक्तियों के जन आधार में मोबाइल नंबर जोडे गए तथा 1 व्यक्ति के पते में सुधार किया गया। इस अवसर पर दूसरा दशक के परियोजना निदेशक मुरारी लाल थानवी एवं सौर्य ऊर्जा कंपनी के प्रतिनिधि मनोज व्यास उपस्थित रहे। उन्होंने लाभार्थियों के अनुभव सुने तथा शिविर में आए लोगों के साथ संवाद किया। पेंशन योजना की लाभार्थी इंद्रा ने कहा की तीन वर्षो तक ईमित्र के चक्कर लगाने के बाद भी मेरी पेंशन नहीं बनी थी, लेकिन दूसरा दशक के सहयोग से आज मेरी पेंशन का आवेदन हो गया है। इसके साथ ही उन्होंने राशन डीलर एवं राशन लेने आए व्यक्तियों से मुलाकात कर विभिन्न योजनाओं के संबंध में चर्चा की गई। शिविर में अमरू चौधरी, बीरबल राम, न्याज मोहम्मद तथा ई-मित्र संचालक श्रवण गर्ग व समुदाय से भगवानाराम, पप्पू देवी, जेती देवी तथा आंगनवाडी कार्यकर्ता आनंद कंवर आदि ने सहयोग किया।

अजय भारत की आइस हॉकी टीम में

जालोर, (कासं) राजस्थान के युवा खिलाडी अजय डांगी का चयन भारतीय अंडर-18 आइस हॉकी टीम में हुआ है जो आईआईएचएफ अंडर 18 एशिया कप 2026 में देश का प्रतिनिधित्व करेगा यह टूर्नामेंट 27 अप्रैल से 3 मई तक किर्गिस्तान के बिश्केक में आयोजित किया जा रहा है। आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के कोषाध्यक्ष रवीन्द्र काला ने बताया कि अजय डांगी की यह उपलब्धि विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्होंने मात्र 13 वर्ष की आयु से आइस हॉकी खेलना शुरू किया, वह भी ऐसे राज्य में जहां बर्फ और आइस रिंक जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है । राजस्थान जैसे गर्म प्रदेश में इस खेल को सीखना और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचना उनके समर्पण, अनुशासन और जुनून का प्रमाण है । राजस्थान में आइस हॉकी का विकास सीमित संसाधनों के बावजूद लगातार आगे बढ रहा है खिलाडी इनलाइन और रोलर स्केटिंग के माध्यम से प्रशिक्षण लेकर राष्ट्रीय शिविरों में जाकर आइस पर अपने कौशल को निखारते हैं, अजय की सफलता इसी संघर्ष निरंतर अभ्यास और मजबूत मार्गदर्शन का परिणाम है । इस उपलब्धि के साथ एक और महत्वपूर्ण पहलू जुडा है। अजमेर के ही परव शर्मा जो भारतीय -18 टीम के जनरल मैनेजर हैं। अजय डांगी के कोच भी रहे हैं यह कोच-खिलाडी संबंध इस सफलता को और खास बनाता है। जहां स्थानीय स्तर पर की गई मेहनत अब अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँच रही है ।भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाडियों के साथ भाग ले रही है, जो यह दर्शाता है कि आइस हॉकी अब देश के नए क्षेत्रों तक विस्तार कर रही है हाल के वर्षों में भारतीय आइस हॉकी ने उल्लेखनीय प्रगति की है। जिसमें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी बुनियादी ढांचे का विकास और नई प्रतिभाओं का उभरना शामिल है।

जनगणना के लिए सहयोग मांगा

जालोर, (कासं) । जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे ने भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में जनगणना के लिए 1 मई से 15 मई, 2026 तक स्व-गणना पोर्टल पर जाकर अपनी और परिवार की सटीक जानकारी दर्ज करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 16 मई से 14 जून 2026 तक गणनाकर्मी प्रदेश के लोगों के पास घर-घर पहुंचेंगे। पहले चरण में मोबाइल ऐप से आवासों की सूची, सुविधाओं, संपत्तियों और अन्य आवश्यक आंकडे एकत्रित होंगे। उन्होनें कहा कि जनगणना सुशासन, विकासात्मक नियोजन तथा लोकनीति निर्माण का मूल आधार है तथा इसके निष्कर्षों का प्रभाव संसाधनों के न्यायोचित्त आवंटन, लक्षित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा समावेशी विकास पर दीर्घकालिक रूप से परिलक्षित होता है। जनगणना-2027 की सफलता समस्त जिलेवासियों की सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग पर निर्भर है। शुद्ध एवं सम्यक गणना के माध्यम से ही विकसित राजस्थान के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

बालिका शिक्षा से समाज की प्रगति संभव है : राज्यपाल

पाली, (निसं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि बालिका शिक्षा से देश प्रदेश व समाज की प्रगति अधिक सुसंगत और मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को अच्छी शिक्षा दिलायें जिससें समाज और परिवार प्रगति करें। राज्यपाल बागड़े बुधवार को पाली जिले के रोहट के चेंडा गांव में श्री राजेश्वर भगवान आंजणी माता गुरूकुल कन्या महाविद्यालय के छात्रावास के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा से दो परिवार शिक्षित होते हैं, उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है और आगे हैं। उन्होंने कहा कि बालक हो या बालिका, उन्हें अच्छी शिक्षा दिलानी चाहिये, जिससे कि वे जीवन में आगे बढें और देश-प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने साध्वी भगवती बाई के छात्रावास गुरूकुल निर्माण के लिये योगदान को प्रणाम किया। साथ ही कहा कि हमारे यहां पहले गुरूकुल पद्धित थी, जिसमें हमारी संस्कृति, देव, सनातन धर्म की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्यपाल बागड़े कहा कि यहां पर महिला शिक्षा, संस्कारित समाज, नैतिकता, ईमानदार लोग तैयार हो। राज्यपाल ने महिलाओं की भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे धर्म समाज में महिलाओं को देवी का रूप माना जाता रहा है उन्हें दुर्गा, सरस्वती, मॉ काली, लक्ष्मी का रूप माना गया है।

इस अवसर पर राज्यपाल बागड़े कहा कि केन्द्र सरकार की योजना बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ के बारे में बालिकाओं के लिये जागरूकता के लिये लायी गयी है।

उन्होंने कहा कि ये संख्या घटना चिंताजनक है। उन्होंने राजस्थान के वीरो, कला, धर्म, सस्कृति व विदेशी आक्रातांओं के आक्रमण के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला और साथ ही यहां के वीरता को बप्पा रावल की बहादुरी का उदाहरण दिया। इससे पहले कार्यक्रम का विधिवत दीप प्रज्ज्वलन कर राज्यपाल ने शुभांरभ किया व भवन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर राज्यपाल का जन प्रतिनिधियों व संस्था के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। इससे पूर्व राज्यपाल का जिला कलैक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। साथ ही पुलिस जवानों द्वारा राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इस अवसर पर सिरोही सांसद लूंबाराम चौधरी, पूर्व सांसद देवजी पटेल, पूर्व मंत्री अमराराम, पाली विधायक भीमराज भाटी, पुखराज पटेल, त्रिलोक चौधरी, अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ. बजरंगसिंह, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, नगर परिषद आयुक्त नवीन भारद्वाज, उपखण्ड अधिकारी रोहट सहित महाविद्यालय का स्टाफ व बालिकायें, पुलिस प्रशासन के अलावा अधिकारी व आमजन मौजूद रहे।

महिला की मौत के मामले में मुआवजे की मांग

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के पाल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में सोमवार की रात को महिला की मौत के बाद मृतका के परिजन, परिचितों और राजपूत समाज के लोगों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। पुलिस प्रशासन और राजपूत समाज के लोगों के बीच वार्ता जारी थी। एडीसीपी रविंद्र बोथरा, देवनगर थानाधिकारी सोमकरण, राजपूत के हनुमानसिंह खांगटा आदि वार्ता कर रहे थे। परिजन की तरफ से मुआवजे की मांग को लेकर यह धरना दिया जा रहा है। हालांकि पुलिस में अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ परिवाद दिया जा चुका है, जिस पर अब जांच की जा रही है। देवनगर थानाधिकारी सोमकरण ने बताया कि बनाड़ के देवलिया गांव की रहने वाली 50 साल की कंचन कंवर को सोमवार की रात को परिजन बीमारी की अवस्था में पाल रोड स्थित एक निजी अस्पताल लेकर आए थे। जहां पर कंचन कंवर का डॉक्टर ने ऑपरेशन किया था। मगर उसकी रात को ही मौत हो गई थी। अस्पताल के डॉक्टर्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मंगलवार की सुबह परिजन अस्पताल परिसर पर एकत्र हो गए।

दो कारों की भिड़ंत में 2 की मौत, 8 जने घायल

जालोर, (का.सं.)। जालोर जिले में नेशनल हाईवे-325 (बालोतरा से सांडेराव) पर 2 कारों में आमने-सामने की भिड़ंत में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 8 लोग घायल हुए हैं।

सड़क हादसा बेदाना गांव के पास बुधवार दोपहर 3.45 बजे हुआ। हादसा इतना भीषण था कि दोनों गाड़ियों के बोनट पिचक गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने दोनों गाड़ियों में सवार लोगों को संभाला और पुलिस को सूचना दी। घायलों को एम्बुलेंस से नजदीकी तखतगढ़ के अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

आहोर थाना के कांस्टेबल पुनीत देवासी ने बताया कि कार में सवार लोग आहोर से तखतगढ़ की ओर जा रहे थे। कार में सवार लोग जालोर के तखतगढ़ गांव से शिवगंज (सिरोही) में शोक सभा में जा रहे थे।

इसी दौरान एक वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में दोनों गाड़ियां आमने-सामने भिड़ गईं। एयरबैग्स खुलने से कार में सवार लोगों की जान बच गई। वही अन्य कार में 10 लोग सवार थे। इनमें से जालोर के रामसीन निवासी वस्तीमल रावल और सायला निवासी श्याम रावल (56) की मौत हो गई। वहीं दिलावर (38) पुत्र रसूल भाई, भबूत सिंह (73) पुत्र गणपत सिंह, कविता (40), भरत सिंह (70), मोहनलाल (59), विमला देवी (55), मुगी देवी और हरीश (45) घायल हो गए। 7 घायलों को सुमेरपुर के महावीर हॉस्पिटल और एक घायल को संजीवनी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

अनुपमा जोरवाल ने जैसलमेर में ई.वी. स्कूटी बांटी

जैसलमेर, (नि.सं.)। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति अनटाइड फंड के द्वारा क्रय 50 टू व्हीलर ईवी स्कूटी का महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को वितरण कार्यक्रम स्वास्थ्य भवन परिसर में बुधवार को जेसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी के मुख्य आतिथ्य व जिला कलेक्टर अनुपमा जोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया

जिला कलेक्टर अनुपमा जोरवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अपने कार्य क्षेत्र में स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार हेतु जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया , उन्होंने सभी महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओ और कार्यक्रमों का ग्राम स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कर आम जन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की बात कही , उन्होंने चिकित्सा विभागीय कार्मिकों को वर्तमान हीट वेव के समय में ग्रामीणों को लू तापघात से बचाव संबंधी जानकारी प्रदान करने , मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने तथा सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान अंतर्गत 14 से 15 वर्ष तक की किशोरी बालिकाओं का शत प्रतिशत टीकाकरण करवाने की बात कही।

विधायक छोटूसिंह भाटी ने ईवी स्कूटी प्राप्त करने वाली महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा सेवाओं के सुदृढीकरण के लिए लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहे है

सीएमएचओ डॉ पालीवाल द्वारा टू व्हीलर ईवी स्कूटी वितरण के उद्देश्य व उपयोगिता के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई , अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को हेलमेट के साथ प्रदान की गई टू व्हीलर ईवी स्कूटी को रवाना किया गया। मंच संचालन उमेश आचार्य द्वारा किया गया, आयोजित ईवी स्कूटी वितरण कार्यक्रम में समाजसेवी अरुण कुमार पुरोहित, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद रश्मि रानी, उपखंड अधिकारी जैसलमेर सक्षम गोयल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार पालीवाल , उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम डी सोनी, डीपीओ विजय सिंह , खाद्य सुरक्षा अधिकारी किशनाराम कड़वासरा , हेमरूप रॉय, शिव पुरी, अरविंद कुमार , उमेश पारीक एवं विभागीय कार्मिक भी उपस्थित थे।

भीषण गर्मी में स्कूल परिसर में लगाए परिंडे

उदयपुर, (निसं)। भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर के सहयोग से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतगढ़ में बुधवार को परिंडे लगाए गए। साथ ही आसपास के सरकारी स्कूलों में कुल 50 परिंडे वितरित किये गए। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रेरणा नौशल्या के नेतृत्व में स्कूल परिसर में स्टाफ के साथ ही भारत स्काउट एंड गाइड की टीम और स्कूल के छात्र छात्राओं ने परिंडे लगाए।

नोटिस वास्ते जाहिर करने वजह
(Civil Procedure code Appendix 'H' Form No.)
अज अदालत....श्रीमान् सहायक जिलाधीश, सिरोही, जिला सिरोही
ब-ईजलाय... श्री हरिसिंह देवल (आर ए एस)
मुद्दई तेजाराम वगैरा.मुदायलाह... राजस्थान राज्य वगैरा
दावा बाबत् 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम मुकदमा संख्याः 125/2021
अप्रार्थी संख्या 42 वगता के वारिसान :-
1. रूपा पुत्र कानाजी जाति भील आयु वयस्क निवासी सरदारपुरा, तह0 सिरोही।
2. ओबाराम पुत्र देवी (पुत्री लाला) जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी नवाखेडा।
3. दिनेश पुत्र देवी (पुत्री लाला) जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी नवाखेडा।
4. मंजु पुत्री देवी (पुत्री लाला) जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी नवाखेडा ।
5. राजू पुत्र देवी (पुत्री लाला) जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी नवाखेडा।
6. लक्ष्मणकुमार पुत्र देवी (पुत्री लाला) जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी नवाखेडा ।
7. शंकरलाल पुत्र देवी (पुत्री लाला) जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी नवाखेडा ।
4/1 ईदाराम पुत्र दानारामजी मीणा, 4/2 छगनलाल पुत्र दानारामजी मीणा,
4/3 बेबी पुत्री दानारामजी मीणा, 4/4 नरीमा पुत्री दानारामजी मीणा,
4/5 दिनेश उर्फ रेवा पुत्र दानारामजी मीणा, 4/6 थुटी पुत्री दानारामजी मीणा,
4/7 भीमाराम पुत्र वगताजी मीणा, 4/8 पुराराम पुत्र वगताजी मीणा,
4/9 मगुबाई पत्नि रामाजी पुत्री वगताजी मीणा, 10 चुन्नीबाई पत्नि देवारामजी पुत्री वगताजी मीणा, जाति मीणा, निवासी छावणी, तहसील शिवगंज ।
5/1 भुकाराम पुत्र वनाजी मीणा, 5/2 जोगाराम पुत्र वनाजी मीणा, 5/3 बाबाराम पुत्र वनाजी मीणा, 5/4 वागाराम पुत्र वनाजी मीणा, 5/5 धरमीबाई पत्नि मोतीजी पुत्री वनाजी मीणा, 5/6 संकू पत्नि लसाजी पुत्री वनाजी मीणा, जाति मीणा, निवासी बडा भीलवास, सिरोही तहसील व जिला सिरोही।
क्यों कि प्रार्थी ने इस न्यायालय में दरख्वास्त की है कि मौजा वाडाखेडा के खसरा संख्या 162/63 में की गई गलत तरमीम को दुरूस्त किया जावे। लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि तारीख 06 माह 05 सन् 2026 बरोज ... वार......10.30 ए.एम. बजे दिन के अदालत हाजा में स्वयं या वकालतन में हाजीर होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह जाहिर करो वरना मजबुरन एक तरफा सुना व फेसला किया जाएगा।
बसिब्त मेरे दस्तखत व मोहर अदालत के आज तारीख 27 माह 04 सन् 2026
मोहर अदालत
आदेश से-रीडर
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी/ सहायक कलेक्टर सिरोही

सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनावर कायमी तनकीहात
(आर्डर रूल 1 व 5 दीवानी)
अज अदालत... सहायक जिलाधीश, सिरोही
ब-ईजलाय.. श्री हरिसिंह देवल (RJS)
मुद्दई ... सुरेशकुमार वगैरा...मुदायलाह..... शिवराम व अन्य।
दावा अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम राजस्व वाद संख्याः 21/2018
मुसम्मी :-
1. मीरा देवी पुत्री समरताजी जाति पुरोहित आयु वयस्क निवासी जावाल, तहसील व जिला सिरोही।
2. छगनीदेवी पुत्री समरताजी जाति पुरोहित आयु वयस्क निवासी जावाल, तहसील व जिला सिरोही।
हरगाह कि ..वादी सुरेशकुमार वगैरा ... ने मौजा जावाल के खसरा संख्या पुराना 633 नया 853 की आराजी में खातेदारी घोषणा हेतु प्रस्तुत किया है।
लिहाजा आपको व जरिए इस तहरीर के दावे की जवाबदेही के लिए तारीख 11 माह 05 सन् 2026 के दिन 10.00 बजे अदालत हाजा में असालतन मार्फत ऐसे वकील के जो हालात मुकदमा से वाकिफ किया गया हो व कुल अमर अहम मुताबिक जवाब दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई शख्स हो जो सवाल का जवाब दे सके, हाजीर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमले दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाबदेही का ताईन में इस्तेमाल करना चाहता हो, उस दिन पेश करो।
आगाह रहे कि अगर वकील मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जाएगा।
बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 8 माह 4 सन् 2026 को जारी किया गया।
मोहर अदालत
आदेश से-रीडर
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी/ सहायक कलेक्टर सिरोही

राजपूत छात्रावास पाली में लोकार्पण हुआ

पाली/जोधपुर, (का.सं.)। वीर दुर्गादास राठौड़ राजपूत छात्रावास पाली में नवनिर्मित कार्यालय भवन का लोकार्पण एवं छात्रावास के प्रथम तल पर भवन विस्तार निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं भामाशाह सम्मान बुधवार को वीर दुर्गादास राठौड़ शिक्षा समिति द्वारा आयोजित हुआ।

उन्होंने छात्रावास के कार्यालय का स्वर्गीय ओम सिंह (ओम बन्ना) पुत्र स्वर्गीय जोग सिंह चोटिला की स्मृति में निर्मित कार्यालय भवन के लिए ओम सिंह (ओम बन्ना) चोटिला के पुत्र महान पराक्रमी सिंह चोटिला का धन्यवाद व्यक्त किया।

उन्होंने छात्रावास परिसर में बनने जा रहे 10 नए कमरों के निर्माण कार्य के लिए सहयोग करने वाले समाज के भामाशाहों का भी धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में हमें आगे बढ़ना है लेकिन हमारे इतिहास, संस्कृति व संस्कारों को बनाए रखना है। उन्होंने वीर दुर्गादास राठौड़ शिक्षा समिति के कार्यों की सराहना की।

समारोह के विशेष अतिथि विधायक बाली पुष्पेंद्र सिंह राणावत ने गज सिंह द्वारा छात्रावास संचालन के लिए वर्षों पूर्व दी गई 600 बीघा जमीन की सराहना की व उस समय दिए गए सहयोग को अनुकरणीय बताया। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक खुशवीर सिंह जोजावर ने समाज को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथि व भामाशाह भंवर सिंह मंडली ने छात्रों के लिए जयपुर में एक अच्छा कोचिंग सेंटर खोलने की बात पर जोर दिया।

प्रारंभ में श्री वीर दुर्गादास राठौड़ शिक्षा समिति पाली के अध्यक्ष गुलाब सिंह गिरवर ने अतिथियों का स्वागत किया। जगपाल सिंह बाला ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया व वीर दुर्गादास राठौड़ छात्रावास के 5 वर्ष के विकास कार्यों की जानकारी दी। भामाशाह महान पराक्रम सिंह चोटिला, लूण सिंह दूधिया, मनोहर सिंह रामासिया ,चेतन सिंह झाला ,ललित सिंह गिरिराज सिंह, देवी सिंह राठौड़ व कान सिंह चिमनपुरा का सम्मान किया गया । समारोह में पूर्व सांसद डॉ नारायण सिंह माणकलाव द्वारा प्रेरित व संपादक विक्रम सिंह गुंदोज द्वारा लिखित पुस्तक वीर दुर्गादास राजपूत छात्रावास पाली की स्थापना का संक्षिप्त इतिहास का विमोचन हुआ।

शोभायात्रा निकाली

जालोर, (निसं)। जालोर के मांडवला ग्राम में बुधवार को समस्त सोनगरा चौहान परिवार के तत्वावधान में आयोजित श्री आशापुरा माताजी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं मूर्ति स्थापना महोत्सव का पांच दिवसीय भव्य आयोजन उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

सजे-धजे हाथी पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में बैंड-बाजों, ढोल-नगाडों और जयकारों के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। महिलाएं मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं, वहीं युवा वर्ग पूरे उत्साह के साथ आयोजन में सहभागी बना। हेलीकॉप्टर के माध्यम से पुष्प वर्षा की गई। मंदिर परिसर जय माता दी के जयघोष से गूंज उठा।

मारपीट की

रानीवाड़ा, (निसं)। रानीवाड़ा क्षेत्र के मैत्रीवाडा गांव में एक महिला के साथ ससुर सोमाराम कलबी और देवर रमेश कुमार द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता कालीदेवी पत्नी वगताराम (उम्र 40 वर्ष), निवासी मैत्रीवाडा ने पुलिस थाना रानीवाडा में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

कार्यालय ग्राम पंचायत रामा पंचायत समिति आहोर जिला जालोर

क्रमांक-ग्रा.पंचा./2026-27/21 **ई-निविदा** दिनांक-28.04.2026

ग्राम पंचायत रामा मे विभिन्न योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यो को सम्पादित करने हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियम 181 के अंतर्गत तथा राजस्थान लोक उपापन मे पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के अनुसार पंचायती राज विभाग एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत फर्मो / संवेदको से निर्धारित प्रपत्र वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

निविदा की संख्या क्र.सं.	ऑनलाईन निविदा विक्रय/ डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक व समय	प्रोसेसिंग शुल्क व निविदा शुल्क एवं अमानत राशि तकनिकी बिड भौतिक रूप से ग्राम पंचायत में जमा कराने की दिनांक व समय	ऑन-लाईन निविदा खोलने की दिनांक
01	27.4.2026, 12.00 PM से 4.5.2026 को 4.00 PM तक	4.5.2026 को 4.00 PM तक	4.5.2026 को 05.00 PM
02	28.4.2026, 2.00 PM से 7.5.2026 को 4.00 PM तक	7.5.2026 को 4.00 PM तक	7.5.2026 को 05.00 PM

निविदा सूचना संख्या 01 की शर्ते एवं पूर्ण विवरण https://sppp.rajasthan. gov.in एवं निविदा सूचना संख्या 02 की शर्ते एवं पूर्ण विवरण https://sppp.rajasthan. gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	यूबीएन नं.
1	ओपन जिम लगाने का कार्य ग्राम पंचायत रामा	ZJR2627WSOB00121
2	अटल ज्ञान केन्द्र स्थापना हेतु पुराने पंचायत भवन का उन्नयन कार्य ग्राम रामा	ZJR2627WSOB00120

सरपंच, ग्राम पंचायत रामा, पंचायत समिति आहोर
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रामा, पंचायत समिति आहोर

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.) 345001

क्रमांक-भूमि/2026-27/372 दिनांक-29.04.2026

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सभी सर्वसाधारण / संबंधितों को सूचित किया जाता है कि शहरी सेवा सीविर 2025 के अन्तर्गत निम्न आवेदकों द्वारा राजस्थान नगर पलिका अधिनियम 2009 की धारा 69ए / स्टेट ग्राण्ट के अन्तर्गत विरचित नियम अकृषि भूमि का समपर्ण एवं आवंटन नियम 2015 के अन्तर्गत फ्री होल्ड हेतु आवेदन किया हैः-

क्र. सं.	पत्रावली संख्या	(69क का पट्टा, स्टेट ग्रान्ट	आवेदक का नाम	पिता/पति का नाम	पता
1	89/2025-26	69 ए	राखी व्यास	सुधीर थानवी	चैनपुरा मौहल्ला जैसलमेर

नोट :-01 इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर नगर परिषद कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष संबंधित दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है।

02 माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा S.B. CIVIL WRIT PETITION 14065/2021 द्वारा सोनार दुर्ग से संरक्षित प्रतिबंधित एवं विनियमित क्षेत्र (300 मीटर तक) की भूमि / सम्पति पर नियमन हेतु स्थगन आदेश प्रभावी है अतः सोनार दुर्ग से 300 मीटर तक ऐरिया में नियमन हेतु कोई भी आवेदन प्रस्तुत नही करे। संबधित आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेगे।

यह आपत्ति सूचना आज दिनांक 28/4/26 को मेरे हस्ताक्षर और मुहर से जारी की जाती है।

आयुक्त
नगर परिषद् जैसलमेर

आलोक रंजन ने पीएचईडी कार्यालय का निरीक्षण किया

जोधपुर, (कासं)। जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने बुधवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसई (सिटी) कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आमजन से जुड़ी पेयजल समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने कार्यालय के अटेंडेंस रजिस्टर, संपर्क पोर्टल से संबंधित कार्य, कंप्लेन रजिस्टर तथा कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों की जांच करते हुए वहां अपनाई जा रही प्रक्रिया को और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

आलोक रंजन ने कंट्रोल रूम में स्वयं उपस्थित रहकर आमजन को कॉल कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

मॉनिटरिंग व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए

जिला कलेक्टर ने कंट्रोल रूम में 24 घंटे पर्याप्त स्टाफ की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी समय आने वाली शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर समाधान किया जा सके।

उन्होंने अधीक्षण अभियंता सिटी राजेंद्र मेहता को कंट्रोल रूम में अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने पूर्व में दर्ज शिकायतों के परिवादियों से स्वयं दूरभाष पर संपर्क कर उनकी समस्याओं के समाधान की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने सभी शिकायतों की वर्तमान स्थिति का व्यक्तिगत रूप से फॉलोअप करने के निर्देश दिए, ताकि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण हो सके। रंजन ने कंप्लेन रजिस्टर में दर्ज सभी शिकायतों के डेटा को गूगल शीट पर संधारित करने के निर्देश दिए, जिससे रियल टाइम मॉनिटरिंग एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने सभी अतिरिक्त जिला कलक्टर, उपखण्ड अधिकारियों सहित समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को प्रतिदिन फील्ड में जाकर पेयजल से संबंधित समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने तथा दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जहां गंदा पानी आ रहा है अथवा जहां जलापूर्ति पूर्णतः बाधित है, वहां प्राथमिकता से समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

अनुपस्थित मिले कर्मचारियों को नोटिस मिलेंगे

निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही रजिस्ट्रेशन शाखा सहित अन्य शाखाओं के कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने एसई (ग्रामीण) के कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जानकारी संधारित करने के निर्देश

उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत पर मौके पर कौन गया, किस अधिकारी/ कर्मचारी ने प्रार्थी से संपर्क किया तथा शिकायत का समाधान किस प्रकार किया गया, इसकी स्पष्ट जानकारी संधारित की जाए। रंजन ने शिकायतों के त्वरित पंजीकरण एवं समाधान के लिए एक समर्पित व्हाट्सएप नंबर जारी करने तथा उसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

कार्यालय नगरपालिका, सांचौर (राज.)
(टेलिफोन नम्बर-02979-283280 व ई-मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in & eosanchore2010@gmail.com)

क्रमांक / न.पा.सां. / 2026 / 440 दिनांक :- 24.04.2026

-:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-

सर्व साधारण एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि पालिका परिक्षेत्र मे विलेख, वसीयत, हकत्याग, उत्तराधिकारी, गिफ्टडीड आदि से खरीदसुदा के नामान्तरण प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का विस्तृत विवरण नीचे अंकित है। इसमें वर्णित सम्पतियों के नामान्तरण प्रमाण पत्र में किसी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति मय ठोस दस्तावेज सहित इस सूचना के प्रकाशन होने की दिनांक से 7 दिवस में इस कार्यालय मे आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त होने वाली आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। तथा सम्पत्ति आवेदनकर्ता के नाम नामान्तरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा।

क्र. सं.	आवेदनकर्ता का नाम	स्थल जहां सम्पत्ति है	पत्रावली संख्या	पत्रावली का प्रकार	पट्टा संख्या/वर्ष	भू.सं.	कुल रकबा (वर्गगज)
1	श्री रामलाल पुत्र श्री हीराराम जाति विश्नोई	धर्मकांटा कॉलोनी सांचौर	109/2026	नामान्तरण	82/2001	125	200
2	डॉ इमाम खान पुत्र श्री मोहम्मद खान जाति मुसलमान	बेहलिमों का वास सांचौर	110/2026	नामान्तरण	729/1985	-	406.77
3	श्री विजय कुमार पुत्र श्री मसराराम जाति माली	श्री नन्दिनी नगर कॉलोनी सांचौर	111/2026	नामान्तरण	4362/2019	19	111.11
4	श्री चंद्र प्रकाश पुत्र श्री ठाकराराम जाति विश्नोई	जयश्री नगर कॉलोनी सांचौर	112/2026	नामान्तरण	5863/2021	106	125
5	श्री चंद्र प्रकाश पुत्र श्री ठाकराराम जाति विश्नोई	जयश्री नगर कॉलोनी सांचौर	113/2026	नामान्तरण	5864/2021	107	125
6	श्रीमती रंजनादेवी पत्नी श्री जगदीश बिश्नोई	ज्योती नगर डी. सांचौर	114/2026	नामान्तरण	5988/2021	14	148.50
7	श्री अशोक कुमार पुत्र श्री देवराज जाति सोनी	पुराना खसरा 560 सांचौर	115/2026	नामान्तरण	594/1996	-	103.33
8	श्री हेमराज पुत्र श्री पुराराम जाति कलबी	मुम्मा देवी बी. टाउनशीप सांचौर	116/2026	नामान्तरण	1061/2010	51	166.66
9	श्रीमती वन्नु कुमारी पत्नी श्री हेमराज जाति कलबी	खसरा 2290 सांचौर	117/2026	नामान्तरण	388/2007	02 C	150
10	श्रीमती धनीबेन पत्नी श्री त्रिकमाराम जी जाति रेबारी	सिद्धि विनायक कॉलोनी सांचौर	118/2026	नामान्तरण	64/2008	69	166.66

राज.संवाद / सी / 26 / 1749 **अधिशाषी अधिकारी**